दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 8 अंक : 287 | इंदौर, गुरुवार 27 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Karnataka Election: BJP कार्यकर्ताओं से बोले पीएम- जहां डबल इंजन की सरकार, वहां बढ़ जाती है विकास की रफ्तार
2. West Bengal: बंगाल में रामनवमी पर हुई हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट सख्त, एनआईए को सौंपी जांच
3. Atiq Ashraf Case: अतीक की बेगम शाइस्ता पर कसा शिकंजा, सूची में मददगार...वकील और 20 करीबियों के नाम
4. मुख्यमंत्री आवास के सौंदर्यीकरण पर घमासान: सुधांशु त्रिवेदी का हमला- 'आप का राजयोग बहुत जल्दी राजरोग में बदला'
5. अंतिम यात्रा पर प्रकाश सिंह बादल: तिरंगे में लपेटा गया पार्थिव शरीर, फूट-फूटकर रोया परिवार

# भोपाल-इंदौर सहित 46 जिलों में बदलेगा मौसम

## आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरेंगे, 4 मई तक एक्टिव रहेगा सिस्टम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में बेमौसम बारिश और आंधी का दौर जारी है। बुधवार को भोपाल, जबलपुर, राजगढ़, सतना, गुना, खरगोन समेत कई जिलों में बारिश हुई। गुरुवार को भी 46 जिलों में मौसम बदला हुआ रहेगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर के साथ नर्मदापुरम, रीवा, सागर और शहडोल संभाग में आंधी-बारिश होगी। चंबल-उज्जैन संभाग के कई जिले भी भीगेंगे। यहां 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का भी अनुमान है। ओले भी गिर सकते हैं। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) एक्टिव है। इसका असर मध्यप्रदेश में भी दिखाई देने लगा है। इसके चलते ही 27 अप्रैल को आंधी, बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना है। 4 मई तक यह सिस्टम एक्टिव रहेगा।



### इन जिलों में बारिश, आंधी और ओले गिरने के आसार

भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, रीवा, सिंगरौली, सीधी, सतना, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, इंदौर, धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, खंडवा, बुरहानपुर, श्योपुरकलां, मुरैना, गुना, अशोकनगर, उज्जैन, रतलाम, शाजापुर, देवास और आगर में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है।

रीवा, भोपाल संभाग के साथ ही धार, इंदौर, खरगोन, निवाड़ी, अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, उज्जैन, पन्ना, रतलाम, शहडोल, टीकमगढ़, शाजापुर, बालाघाट, दमोह, देवास, नरसिंहपुर, छतरपुर, आगर और कटनी में गरज-चमक के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। नर्मदापुरम के संभाग के जिलों के साथ खंडवा, बुरहानपुर, उमरिया, अनूपपुर, जबलपुर, सागर, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी और मंडला में ओलावृष्टि भी हो सकती है।

### भोपाल में तेज बारिश

भोपाल में एक सप्ताह तक लगातार बारिश होने की संभावना है। 27, 28, 29 और 30 अप्रैल को तेज बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में गिरावट रहेगी। दिन का तापमान 35-36 डिग्री और रात में पारा 22 डिग्री के आसपास रह सकता है।

### अप्रैल में मौसम बदलने की यह वजह

मौसम विभाग के अनुसार अप्रैल महीने में अरब सागर व बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी आ रही है। इस नमी के कारण ही बादल, आंधी और बारिश का दौर बना हुआ है। वहीं, कश्मीर में जो पश्चिमी विक्षोभ आ रहे हैं, वे राजस्थान से गुजर रहे हैं। इस कारण भी बारिश का दौर चल रहा है। इससे अप्रैल में दिन-रात के तापमान में खासी गिरावट देखने को मिली है। अब फिर से नया सिस्टम एक्टिव हो गया है। इस कारण बारिश, आंधी और ओलावृष्टि शुरू हो गई है।

# कांग्रेस की पहचान थ्री-सी- करप्शन, क्राइम और कमीशन

## शिवराज ने कर्नाटक चुनाव में जनसभा को संबोधित किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनावी दौरे पर कर्नाटक गए हैं। बुधवार को उन्होंने चिक्कोडी जिले की हुक्केरी विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी निखिल कट्टी के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम शिवराज ने कहा कि कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की बात करती है। कांग्रेस की पहचान है थ्री-सी। करप्शन, क्राइम और कमीशन। बीजेपी की पहचान रोड और एयर कनेक्टिविटी है। डेवलपमेंट और विकास की राजनीति ही बीजेपी का आधार है। सीएम शिवराज ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा।

### ● तीन विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार

केंद्र से सीएम शिवराज को कर्नाटक में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी मिली है। बुधवार को तीन विधानसभा क्षेत्र में सीएम शिवराज ने प्रचार कर रहे हैं। बेलगावी जिले की रामदुर्गा विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी चिक्की रेवन्ना के पक्ष में जनसभा करेंगे। साथ ही, गोकक सीट से प्रत्याशी रमेश जारकीहोली में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



कॉलर टू बाटम सेटिसफेक्शन

## इंदौर का बॉडीलाइन ब्रांड बना पीढ़ियों का चहेता

### डिजाइनिंग व्यवसाय को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रेडीमेड वस्त्रों के इस बाजार में जहां एक और अब वस्त्र सिलवाने की जहमत नहीं उठाई जाती है। वहीं, दूसरी ओर बॉडीलाइन ब्रांड अपने ग्राहकों को समय पर डिजाइन कर देने का काम बखूबी कर रहा है और अब यह ब्रांड अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच गया है। पीढ़ियों से कपड़ों की डिजाइन करने वालों के परिवार की नई पीढ़ी ने नवाचार करते हुए व्यवसाय को आज की जरूरत के अनुसार ढाला और एक ही स्थान पर कपड़े से लेकर पुरुष की सभी एसेसरीज वाजिब दामों पर उपलब्ध कराई। बॉडी लाइन के अंकुर फुमाकिया बताते हैं कि 1989 के समय पिता जितेंद्र फुमाकिया ने इस काम को शुरू किया था यह वह दौर था जब नई नई मशीनें इजाद हो रही थीं और रेडीमेड कपड़ों का बाजार स्थापित हो रहा था। पिता क्रिकेट के शौकीन थे और उन दिनों बॉडीलाइन गेंदबाजी का प्रचलन शुरू हो चुका था। पिता ने यही नाम अपने नए रूप वाले व्यवसाय के लिए रखा और अपने ग्राहकों के लिए शरीर के अनुरूप फैशन के साथ एक ही जगह पर पुरुष परिधान की श्रृंखला शुरू की।

**कॉलर टू बॉटम** : इस नई अवधारणा के लिए पंच लाइन भी बनाई यह कहा गया कि इंदौर के जेल रोड का प्रसिद्ध क्वॉलिटी डिजाइनर्स अब पुरुषों के लिए एक ही स्थान पर 'कॉलर टू बाटम सेटिसफेक्शन' परिधान निर्माण करेगा। जीतेंद्र फुमाकिया का कहना है कि हर व्यक्ति का शरीर यूनिक होता है। सुंदर दिखने के लिए शरीर के अनुसार वस्त्र सिलाई होना चाहिए। हम बॉडी को रीड करते हुए पुरुषों के लिए वस्त्र निर्माण करते हैं इसीलिए इसका नाम बॉडीलाइन रखा गया। बात अपने आप में विचित्र हो सकती है, किंतु बॉडीलाइन में शरीर के वस्त्रों का नाप लेते वक्त वजन का भी ध्यान रखा जाता है और देश विदेश में रहने वाले अपने पुराने ग्राहकों के लिए कपड़े बनाते वक्त वजन का ध्यान रखते हैं। फुमाकिया बताते हैं कि ऐसा इसलिए कि दूर देश विदेश में रहने वाला ग्राहक जब कहता है कि कपड़े तंग या ढीले हो रहे हैं तब उनसे वजन पूछा जाता है और प्रत्येक 3 किलो के अनुसार 1 इंच कम ज्यादा करना पड़ता है।

**देश-विदेश में फैले हैं -** फुमाकिया बताते हैं कि पिछले कई पीढ़ियों से हमारे और ग्राहक के बीच घने संबंध बन चुके हैं। हमारे संतुष्ट ग्राहकों की पीढ़ियां भी हमारे व्यवसाय से जुड़ी हैं। हमारे यहां 70% बाहर के ही कस्टमर हैं, जिन्हें समयानुसार शर्ट-पैंट कोट-टाई के साथ-साथ अब जूते, हैंडबैग कफलिंक, टाई, रूमाल जैसी एसेसरीज भी उपलब्ध कराई जाती है।

# आईडीए की बिल्डिंग पर चढ़ा राजवाड़ा का रंग

● 20 साल बाद आईडीए की 8 मंजिला बिल्डिंग पर हुआ रंग रौगन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर विकास प्राधिकरण शहर का सबसे बड़ा कालोनाइजर बन गया है। आईडीए की मुख्य भूमिका आवासीय, वाणिज्यिक और सार्वजनिक क्षेत्र के विकास की योजनाओं को बनाना और उसे लागू करना है। शहर के बाहर चारों तरफ आईडीए ने अपना जाल फैला रखा है। वर्तमान में वह शहर के हर तरह करोड़ों रुपयों की लागत से अलग अलग योजनाओं पर काम कर रहा है। इस वक्त तमाम योजनाओं के बीच आईडीए लगभग 20 साल बाद अपनी खुद की बिल्डिंग को निखारने में लगा हुआ है। रेसकोर्स रोड स्थित 8 मंजिला बिल्डिंग का रिनोवेशन कार्य चल रहा है। इस पर लगभग दो करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। आईडीए की बिल्डिंग पर भी लगभग वहीं कलर हो रहा है जो राजबाड़ा की इमारत पर किया गया है। सबसे खास बात यह है की वर्तमान में आईडीए के पास लगभग 6 हजार करोड़ की सम्पत्ति है।

### आईडीए 12 विभिन्न विभागों के माध्यम से काम करता है

पूरे प्रदेश के सारे शासकीय विभागों में इंदौर विकास प्राधिकरण का नाम सबसे ऊपर है। शहर के मास्टर प्लान (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग अथॉरिटी द्वारा तैयार) को लागू करने के अलावा, आईडीए शहर में विकास संबंधी सभी गतिविधियों की देखरेख के लिए भी जिम्मेदार है, मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण और विभिन्न प्रयोजनों के लिए आवंटन। समाज के सभी वर्गों को आवास प्रदान करने के अलावा, आईडीए सड़क, पुल, फ्लाईओवर, क्षेत्रीय पार्क, सीवरेज लाइन, आदि के निर्माण के लिए निर्माण एजेंसी के रूप में भी कार्य करता है। इंदौर के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए आईडीए 12 विभिन्न विभागों के माध्यम से काम करता है।

### 20 साल बाद बिल्डिंग पर हुआ कलर

अभी न तो कोई बड़ा त्यौहार है और न ही कोई राष्ट्रीय पर्व है और न ही कोई शासकीय आयोजन है। इस समय आईडीए की 8 मंजिला बिल्डिंग को नीचे से लेकर ऊपर तक रंग रौगन तथा अन्य कार्यों से संवारा जा रहा है। इसमें पुराने गार्डन को तोड़कर नया गार्डन तैयार किया जा रहा है। चारों तरफ कम्पाउंड वॉल , रंगाई पुताई, बारिश के पानी की निकासी के लिए डैनेज लाइन , अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बोर्ड, 40 कारों की पार्किंग, लाइटिंग आदि कार्य शामिल है। बिल्डिंग पर राजवाड़ा जैसा कलर किया जा रहा है। राजवाड़ा की इमारत पर लाइट येलो कलर है जबकि आईडीए की बिल्डिंग पर येलो कलर है लेकिन थोड़ा ड्राक है। यानी राजवाड़ा और आईडीए के कलर में थोड़ा बहुत अंतर है। बताया गया है की बिल्डिंग पर विगत 20 सालों से रंगाई पुताई नहीं होने के कारण बिल्डिंग से पुराना कलर उतर चुका था। लम्बे समय के बाद आईडीए की बिल्डिंग के दिन फिरे और रंगाई पुताई कर उसको संवारा और चमकाया गया है।

# बल्लभ नगर मार्केट टूटकर बनेगा बहुमंजिला मार्केट

### राजकुमार मिल स जी मंडी स्थित तालाब का होगा जीर्णोद्धार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। आयुक्त श्रीमती हर्षिता सिंह द्वारा आज स्मार्ट सिटी एवं अन्य विकास कार्यों के संबंध में शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद सदस्य श्री नंदकिशोर पहाड़िया स्मार्ट सिटी सीईओ श्री दिव्यांक सिंह, अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी, श्री महेश शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अखिलेश उपाध्याय,उपयंत्री श्री कपिल रघुवंशी, कंसलटेंट एवं अन्य उपस्थित थे।

आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह द्वारा प्रातः 6.30 बजे वल्लभनगर में स्थित मार्केट स्थल का निरीक्षण क्षेत्रीय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य श्री नंदकिशोर पहाड़िया के साथ किया। विदित है कि वल्लभनगर में नगर निगम इंदौर का पुराना मार्केट है तथा मार्केट की हालत खराब हो चुकी है जहां पर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुविधाजनक आधुनिक मार्केट बनाने की योजना है, इस संबंध में अधिकारियों से आयुक्त द्वारा जानकारी लेते हुए आगामी डिटेल कार्य योजना बनाने हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा राजकुमार मंडी के पास स्थित तालाब का भी अवलोकन किया और यहां पर तालाब की सफाई कराने के निर्देश दिए गए तथा वाटर बॉडी का विकास एवं संरक्षण करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

### कला संकुल तथा देवलालीकर कला वीथिका का निरीक्षण

इसके पश्चात आयुक्त द्वारा श्री कृष्ण टॉकीज के सामने स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत बनाए जा रहे कला संकुल का निरीक्षण किया गया कला संकुल के पास स्थित देवलालीकर कला वीथिका का भी निरीक्षण किया गया तथा कला संकुल के साथ ही देवलालीकर कला वीथिका के विकास के संबंध निर्देश दिए गए महू नाका स्थित लोधा कॉलोनी को देखा गया श्री लोधी द्वारा पूर्व में लोधा कॉलोनी के संबंध में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई आयुक्त द्वारा प्रोजेक्ट को फिर से रिव्यू करने के निर्देश दिए गए इसके पश्चात एममोजी लाइन स्थित स्मार्ट सिटी के अंतर्गत किए जाने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी गई उक्त क्षेत्र में किस प्रकार से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत विकास किया जाना है, के संबंध में आगामी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए।

## इंदौर की स्मार्ट मीटरिंग की गूंज दिल्ली तक पहुंची

● नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय कार्यशाला
25 राज्यों के बिजली अधिकारियों ने समझा इंदौर के सिस्टम को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय, पॉवर फायनेंस कापोर्रेशन द्वारा नई दिल्ली में स्मार्ट मीटर, स्कॉडा और आरडीएसएस के तहत राष्ट्रीय कार्यशाला की गई। इसमें देश के 25 राज्यों के अधिकारियों ने इंदौर की स्मार्ट मीटर योजना की बारीकियों को समझा और इसे अपने राज्य में लागू करने की मंशा जताई। दिल्ली में हुई राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला में मप्रपक्षेविविकं इंदौर के स्मार्ट मीटर परियोजना के निदेशक रवि मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने लर्निंग, स्मार्ट मीटर योजना की कार्य पद्धति, स्मार्ट मीटर के लाभ और चुनौतियों संबंधी जानकारी दी। श्री मिश्रा ने बताया कि इंदौर, उज्जैन, महू, देवास, रतलाम, खरगोन में स्मार्ट मीटरीकरण का कार्य उच्च मापदंडों के अनुसार किया गया है। इससे कंपनी एवं उपभोक्ता हित में आशातीत परिणाम भी आए हैं। साथ ही उपभोक्ता संतुष्टि बढ़ी है और शिकायतों में उल्लेखनीय कमी आई है। म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर के निर्देशन में स्मार्ट मीटर परियोजना का कुशलतापूर्वक प्रभावी संचालन किया जा रहा है। विभिन्न बिजली कंपनियों एवं राज्य सरकारों को भी इस संबंध में जानकारी देकर स्मार्ट मीटरीकरण को बढ़ावा भी दिया जा रहा है।

कामयाब नहीं काबिल बनाने का जतन....

# 13 साल के एआई इंजीनियर्स बनाने वाला देश का पहला स्कूल..!

### 29 अप्रैल को आयोजित होगा एक्सपो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि 13 साल की उम्र के स्कूली बच्चे एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) इंजीनियर्स बन सकते हैं। शायद आपका जवाब ना ही होगा। लेकिन खरगोन जिले के छोटे से कस्बे बड़वाह में संचालित प्रदेश के पहले रेसिडेंशियल आईसीएसई स्कूल में न सिर्फ यह नवाचार किया जा रहा है बल्कि इसे लागू भी कर दिया गया है। स्कूल ने 40 दिन का इंट्रोडक्टरी कोर्स डिजाईन कर इसकी शुरुआत की। इसे लेकर एआई से जुडी देश-दुनिया की कई कंपनियों को इन होनहार बच्चों में अपना भविष्य नजर आने लगा है। मजेदार बात यह है कि इन बच्चों की शार्पनेस से यहाँ आने वाले एक्सपर्ट भी हैरान है। तीन साल के सर्टीफिकेट के बाद ये स्कूली बच्चे अच्छे-अच्छे एआई इंजीनियर्स को मात दे सकेंगे।

खरगोन जिले के छोटे से कस्बे बडवाह का 'द पेलेडियन हाउस' स्कूल इन दिनों एआई को लेकर सुर्खियों मे है। उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा से कैसे बच्चों को काबिल बनाया जाए, कैसे स्कूली बच्चों के हाथों में विकसित देशों की तर्ज पर हूनर सौंपा जाए। इस







पर स्कूल ने एक नवाचारी प्रयोग किया। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लेकर पूरी दुनिया में तेजी से काम चल रहा है। आने वाला जमाना एआई का होगा। 'द पेलेडियन हाउस' स्कूल ने इसे लेकर देश की कई नामी-गिरामी कंपनियों से संपर्क किया। बकायदा रिसर्च करने के बाद स्कूल ने तय किया कि वे अपने बच्चों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में काबिल बनाने के साथ हूनरमंद बनाएँगे। 40 दिन का इंट्रोडक्टरी कोर्स डिजाइन किया गया। इसके लिए इच्छुक 25 बच्चों की एक बैच तैयार की गई। स्कूल टाइम से हटकर 5 घंटे की क्लास शुरु की गई। इसमें क्रिएटिविटी, डिजाइनिंग और एआई के देश भर के तमाम एक्सपर्ट लोगों ने बच्चों का आईक्यू टेस्ट करने के साथ उन्हें पढ़ाया। यहाँ आने वाले दर्जनभर से ज्यादा लोग इस बात से हैरान थे कि यहाँ के बच्चें होशियार और तेज दिमाग तो थे ही उनकी जिज्ञासा और सीखने की ललक ने यह भी साबित कर दिया कि वे इंजीनिरिंग के बच्चों से भी सुपर फास्ट हैं। 40 दिनों में बच्चों ने एआई टूल्स के साथ, डिजाइनिंग, नेटवर्किंग, क्रिएटिविटी के साथ इंदौर के एसजीएसआईटीएस, एक्रोपोलिस कॉलेज, सूत मिल और बेहतर मैनेजमेंट के लिए विभिन्न संस्थाओं का भी विजिट किया।

29 अप्रैल को स्कूल में 'टेक फॉर टूमॉरो' के नाम से एक एजुकेशनल एक्सपो आयोजित किया जा रहा है। इसमें इंदौर, मुंबई, बेंगलोर और पूणे समेत कई शहरों के एक्सपर्ट और आईटी कंपनी के लोग शामिल हो रहे हैं। एक्सपो में डेमोस्ट्रेशन ऑफ रोबोट, ड्रोन रेग्यूलेट्स, विभिन्न एआई टूल्स का डेमो, प्रॉबल्म सोल्विंग पर विभिन्न प्रोजेक्ट्स का डिस्प्ले, डिजाइन मेकिंग पर क्रिएटिव थिंकिंग को लेकर प्रजेंटेशन और 3 डी मॉडल पर अनुभवों को शेयर करने के अलग-अलग सत्र आयोजित किए जाएँगे।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



# कुनबा बढ़ाने के लिए नर-मादा चीतों को कूनो पार्क में एक ही बाड़े में रखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भारत में चीतों की आबादी बढ़ाने के उद्देश्य से कूनो राष्ट्रीय उद्यान प्रबंधन ने दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से लाए गए नर और मादा चीतों को एक बड़े बाड़े में रखा है। अब इस बड़े बाड़े में सात नर और छह मादा चीता हैं।**

अधिकारियों को उम्मीद है कि अगले चार से पांच महीने में पार्क से चीतों को लेकर फिर खुशखबरी आएगी, क्योंकि ये चीते एक-दूसरे के नजदीक आने लगे हैं। बता दें कि नर चीता गौरव और शौर्य की ज्वाला से नजदीकियां बढ़ी थीं। ज्वाला ने चार शावकों को यहीं जन्म दिया है। जिनकी वह बाड़े में ही रहकर देखभाल कर रही है।

## नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाकर चीते बसाए गए

देश में 75 साल बाद नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका से लाकर चीते बसाए गए हैं। इनमें से सात चीतों को सात माह और 11 चीतों को सवा दो महीने कूनो पार्क में रहते हुए हो गए हैं। सर्दी का एक दौर गुजार चुके चीते गर्मी के भी दो माह निकाल चुके हैं। माना जा रहा है कि अब वे यहां की जलवायु में घुल-मिल गए हैं। इसलिए परियोजना के अगले चरण में चीतों की ब्रीडिंग कराई जा रही है।

## 90 से 93 दिन गर्भ का समय

चीतों के गर्भधारण का समय 90 से 93 दिन है। इसलिए माना जा रहा है कि अगले चार से पांच माह में कूनो से खुशखबरी आएगी।

## दूसरी जगह विस्थापन पर भी जोर

चीता कार्ययोजना के अंतर्गत कूनो पार्क में अधिकतम 21 चीतों को रखा जा सकता है। वर्तमान में चार शावकों के अतिरिक्त कूनो में 18 चीते हैं। यानी पार्क की क्षमता से एक चीता अधिक है। अब वंशवृद्धि की पूरी उम्मीद है। ऐसे में वन्यप्राणी मुख्यालय ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को लिखा है कि चीतों की आबादी बढ़ने के साथ अतिरिक्त स्थान की जरूरत पड़ेगी। इसलिए चीता कार्ययोजना में शामिल अन्य संरक्षित क्षेत्रों को अभी से तैयार कर लिया जाए। कार्ययोजना में कूनो के बाद गांधीसागर और नौरादेही अभयारण्य को चीतों के लिए तैयार करने की बात कही गई है। गांधी सागर अभयारण्य के लिए पांच करोड़ रुपये भी मिल चुके हैं।

### इनका कहना है

नामीबिया और दक्षिण अफ्रीका के चीतों को एक साथ रख दिया गया है। इससे वंशवृद्धि की उम्मीद है। पहले हमने दो मादा और तीन नर को छोड़ा था, उससे एक चीता ने चार शावकों को जन्म दिया है। वे चारों स्वस्थ हैं।

-जेएस चौहान, मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक, मप्र।

# सतना में 11 कंपनियों के मालिक के घर आयकर की रेड

### 11 साल पहले मिली थी 100 करोड़ की अघोषित आय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना।** सतना में आयकर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह शहर के बड़े उद्योगपति के घर और ऑफिस समेत 5 ठिकानों पर छापे मारे। एक टीम उद्योगपति के मुनीम और सीए के घर भी छानबीन करने पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि उद्योगपति के घर 11 साल पहले भी आयकर विभाग ने रेड डाली थी तब 100 करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ था।

इनकम टैक्स विभाग की टीम ने सुबह करीब 5 बजे कारोबारी मोतीलाल गोयल के प्रभात विहार कॉलोनी स्थित निवास और ऑफिस में दबिश दी। गोयल सतना के जाने माने ट्रांसपोर्ट व्यवसायी हैं। वे 11 कंपनियों से जुड़े हुए हैं। अलसुबह ने टीम ने जब दबिश दी तब गोयल परिवार के साथ घर पर ही थे। टीम के पीछे-पीछे पुलिस का एक दल भी गोयल के घर पहुंचा और परिवार की आवाजाही पर रोक लगा दी। उधर, दो अलग-अलग टीमें गोयल के मुनीम राजेश गुप्ता के गली नंबर 8, राजेंद्र नगर स्थित घर और सीए नितिन डागा के घर भी पहुंच गई। इसके बाद ऑफिस के साथ ही गोयल के कुल 5 ठिकानों पर आयकर की कार्रवाई जारी है।

## दूसरे राज्यों के बिजनेसमैन-नेताओं से भी कारोबारी रिश्ते

घर और ऑफिस पर कार्रवाई के कुछ देर बाद विभाग की एक टीम मोतीलाल गोयल के रामपुर-बघेलान के केमार में स्थित अशोक लीलैंड सर्विस सेंटर में भी पहुंची। केमार में गोयल ट्रांसपोर्ट कंपनी का सर्विस सेंटर संचालित है। गोयल परिवार के कई अन्य राज्यों और शहरों के कारोबारियों-नेताओं से भी कारोबारी रिश्ते हैं। छापामारी के दौरान उनके इन रिश्तों तथा कोयला, प्रॉपर्टी जैसे कारोबार की जानकारी भी आयकर विभाग के हाथ लगी है।

# दो युवतियों ने भेल अधिकारी को हनीट्रैप में फंसाया

● 5 दिन पहले दोस्ती हुई, सहेली को लेकर मिलने घर पहुंची, नकली पुलिस से करा दी रेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) का एक अफसर एस सेंथिल कुमार हनीट्रैप में फंस गए। 5 दिन पहले दोस्त बनी एक युवती ने अपनी फ्रेंड के लिए उनसे जॉब की रिक्वेस्ट की। फिर दोनों युवतियां देर रात उनके सरकारी क्वार्टर पर पहुंचीं। पीछे से नकली पुलिस बुला ली। दो युवक खुद को पुलिसवाले बताकर पहुंचे, तभी जिस युवती को जॉब चाहिए थी, उसने खुद को नाबालिग बताकर रेप का आरोप लगा दिया। आरोपियों ने अफसर के साथ मारपीट की। पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज कराने का डर दिखाकर 20 लाख रुपए की डिमांड की। फिर 1 लाख 54 हजार 500 रुपए ले लिए। अधिकारी ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी जनवरी से तमिलनाडु में पैतृक गांव में है। एक दोस्त के जरिए उनकी युवती से पहचान हुई थी। भेल अधिकारी मंगलवार रात केस दर्ज कराने पहुंचे थे। गोविंदपुरा थाना पुलिस ने दोनों युवतियों समेत चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। सीसीटीवी फुटेज के लिए पुलिस बैंक को लेटर लिखेगी।

# मप्र में सरकार बनी तो कांग्रेस लागू करेगी नारी सम्मान योजना

### मई से भरवाए जाएंगे आवेदन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। कांग्रेस की सरकार बनने पर मध्य प्रदेश में नारी सम्मान योजना लागू की जाएगी। इसमें महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह सम्मान निधि दी जाएगी। इसके साथ ही पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ इसकी घोषणा कर चुके हैं।**

इसके लिए महिलाओं से आवेदन पत्र भरवाए जाएंगे, जिसकी शुरूआत नौ मई को छिंदवाड़ा में आयोजित महिला सम्मेलन से होगी। इसके साथ ही सभी जिलों में आवेदन पत्र भरवाने का काम प्रारंभ हो जाएगा। प्रदेश के कुल पांच करोड़ 39 लाख 87 हजार 876 मतदाताओं में से दो करोड़ 60 लाख 23 हजार 733 महिला मतदाता हैं।

प्रदेश में शिवराज सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू की है। इसमें 23 से 60 वर्ष की विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। अब तक एक करोड़ से अधिक महिलाएं आवेदन कर चुकी हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी मंत्रियों को निर्देश दिए हैं कि जो भी महिलाएं रह गई हैं, उनके आवेदन भरवाए जाएं।

इस योजना को नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री प्रत्येक जिले में लाड़ली बहना सम्मेलन भी कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस ने भी इस योजना की काट में महिलाओं को डेढ़ हजार रुपये प्रतिमाह और पांच सौ रुपये में रसोई गैस सिलिंडर देने का वचन दिया है। इसके लिए सरकार बनते ही नारी सम्मान योजना लागू की जाएगी।

इसमें सभी वर्ग की महिलाएं पात्र होंगी और न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष रहेगी। आवेदन पत्र में आयु, जिला, विकासखंड, गांव या वार्ड, मध्य प्रदेश के मूल निवासी का प्रमाण, आधार नंबर और बैंक खाता नंबर लिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि सभी जिलों में एक साथ नौ मई से योजना के लिए आवेदन पत्र भरवाने का काम प्रारंभ हो जाएगा। जिला कांग्रेस इकाइयों के पास ये आवेदन पत्र आएंगे और वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजेंगी। सरकार बनने पर जब योजना क्रियान्वित होगी तो अलग से आवेदन नहीं करना होगा।

## योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मिशन खुशहाली होगा शुरू

प्रदेश कांग्रेस पहली बार महिलाओं के लिए अलग से वचन पत्र तैयार कर रही है। इसमें नारी सम्मान योजना के साथ महिलाओं के हित में कांग्रेस सरकार बनने पर जो कदम उठाएगी, उनका उल्लेख रहेगा। साथ ही महिलाओं के लिए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मिशन खुशहाली की शुरूआत की जाएगी।

# शिवपुरी में पुजारी ने सल्फास खाया, मौत

● 9 साल की उम्र से घर छोड़ा, मंदिर पर रहकर करता था पूजा-पाठ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र के राई गांव में बलखंडी मंदिर के 22 साल के पुजारी ने सल्फास की गोलियां खाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तेंदुआ थाना क्षेत्र के पटसारी का रहने वाला बाल गिरी पुत्र रामसिंह गिरी उम्र 22 साल, पिछले 13 सालों से तेंदुआ थाना क्षेत्र के राई गांव के बलखंडी मंदिर पर अपने चाचा खेमगिरी के साथ रहकर मंदिर की पूजा पाठ करता था। आज सुबह चाय पीने के बाद बाल गिरी ने सल्फास की गोलियां खा ली। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे उल्टियां होने लगी। बालगिरी को लेकर उसके चाचा खेमगिरी पहले कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां से बालगिरी को शिवपुरी के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान 22 साल के बाद गिरी ने दम तोड़ दिया। बाल गिरी की मौत की खबर सुनने के बाद ग्रामीणों ने बताया कि बाल गिरी ने कहा था कि वह 3 साल से खांसी की बीमारी से जूझ रहा था। बाल गिरी ने अपने प्राण को त्याग देने की भी बात ग्रामीणों से कही थी।

# संधवा में पूर्व पार्षद के घर दिनदहाड़े बदमाशों ने धावा बोला, सोने के गहने ले उड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सेंधवा।** सेंधवा क्षेत्र की एडवांटेज सिटी कालोनी में बदमाशों ने पूर्व पार्षद प्रिंस शर्मा के घर दिनदहाड़े धावा बोला। बदमाश घर में से करीब 10 लाख रुपये के गहने लेकर फरार हो गए। घटना दोपहर में घटी। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। प्राथमिकता के आधार पर इसे पूर्व रेकी कर घटना को अंजाम देना बताया जा रहा है। गौरतलब है कि एक माह के अंतराल में यह इस कालोनी की दूसरी घटना तथा नगर की तीसरी घटना है। दिनदहाड़े नगर में इतनी बड़ी घटना होने के चलते लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस के अनुसार नगर के मुख्य मार्ग एबी रोड पर स्थित एडवांटेज कालोनी में पूर्व पार्षद एवं अधिवक्ता प्रिंस शर्मा के घर से करीब 10 लाख रुपये के गहने बदमाश चुरा कर ले गए। घटना के समय शर्मा दंपति अपने काम पर गए हुए थे। शर्मा ने बताया कि वह रोजाना की तरह ही सुबह 10 बजे कोर्ट गए थे तथा उनकी पत्नी भी प्रतिदिन की तरह ही स्कूल में पढ़ाने के लिए गई थी। घर पर कोई नहीं था। दोपहर दो बजे बाद जब वह घर खाना खाने आए तो देखा कि आगे मेन गेट का ताला खुला हुआ है।

# भक्तों की भेंट से भरा महाकाल का खजाना

### एक माह में आठ करोड़ रुपये की आय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** राजाधिराज भगवान महाकाल का खजाना भक्तों की भेंट से भर गया है। बीते एक माह में मंदिर समिति को गर्भगृह में प्रवेश, शीघ्र दर्शन टिकट तथा भस्म आरती अनुमति शुल्क से करीब सात करोड़ 85 लाख रुपये की आय हुई है। सशुल्क दर्शन के प्रति श्रद्धालुओं का रुझान बढ़ने से अफसर उत्साहित हैं। आने वाले दिनों में उक्त तीनों व्यवस्थाओं में सीट संख्या बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्री महाकाल महालोक बनने के बाद से लगातार दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंदिर समिति द्वारा सुगम दर्शन व्यवस्था व श्रद्धालुओं की सुविधा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

समिति ने सप्ताह के चार दिन मंगलवार से शुक्रवार तक दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक भक्तों को गर्भगृह से निशुल्क दर्शन कराने की व्यवस्था की है। वहीं सुबह 7.30 से दोपहर 12 बजे तथा शाम 6 से रात 8 बजे तक सशुल्क दर्शन कराए जा रहे है। सुबह व शाम के इन दो स्लाट में गर्भगृह में प्रवेश के लिए प्रत्येक व्यक्ति को 750 रुपये शुल्क चुकाना होता है। इसके अलावा भस्म आरती अनुमति के लिए प्रति व्यक्ति 200 रुपये शुल्क निर्धारित है। श्रद्धालु आनलाइन शुल्क चुकाकर भस्म आरती अनुमति प्राप्त कर सकते हैं।

**और बढ़ाएंगे सुविधा**-गर्भगृह में प्रवेश के लिए बुधवार से सामान्य दर्शनार्थियों की सौ सीट बढ़ाई है। आने वाले दिनों में भक्तों के लिए और सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी।-संदीप कुमार सोनी, प्रशासक महाकाल मंदिर

## संपादकीय

### सुविधा या ... खतरा...?

हमेशा साथ रखने पर विकिरण की वजह से दिमाग की कोशिकाएं संकुचित हो सकती हैं, जिससे दिमाग में आक्सीजन की पर्याप्त मात्रा नहीं पहुंच पाती। फिर इसके इस्तेमाल की आदत से जुड़े मनोवैज्ञानिक नतीजे भी आज लोगों के जी का जंजाल बनते गए हैं। यह छिपा नहीं है कि अगर कोई व्यक्ति स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग करता है तो उसे बिना काम के भी बार-बार अपना मोबाइल उठा कर देखने की लत लग जाती है। अध्ययन में यह पाया गया कि जो मोबाइल हमारे हाथ में एक तरह से अभिन्न होता गया है, वह दिखने में तो साफ-सुथरा लगता है, लेकिन वास्तव में शौचालय की सीट से भी गंदा होता है। कोई काम करते या खाते समय भी फोन का उपयोग करने के साथ-साथ उसे हर तरह की सतह पर भी रख दिया जाता है, जिससे उस पर रोगाणु जमा होते हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे हाथ में आने के बाद उसका असर किन-किन शक्लों में हमारे शरीर में जाता होगा। यों मोबाइल फोन के उपयोग में अतिरेक के संदर्भ में अक्सर कई तरह की चिंता जताई जाती रही है। इसके बावजूद इसे लेकर जागरुकता का स्तर अभी पर्याप्त नहीं है और लोगों के बीच इसके जोखिम के प्रति लापरवाही आम दिखती है। जबकि जीवाणु और विषाणुओं की दुनिया कुछ ऐसी है कि पता भी नहीं चलता है और उसके संक्रमण से शरीर में कोई बड़ा नुकसान हो जाता है। मोबाइल फोन के सूक्ष्मजीवी उपनिवेशन पर किए गए कई अध्ययनों में बताया गया है कि वे कई अलग-अलग प्रकार के संभावित रोगजनक जीवाणु से दूषित हो सकते हैं। ये जीवाणु त्वचा संक्रमण, डायरिया, तपेदिक से लेकर मूत्र पथ में संक्रमण तक के वाहक बन सकते हैं। नए शोधों के ऐसे संकेत ज्यादा चिंता का कारण होने चाहिए कि फोन पर कई रोगजनक जीवाणु प्रतिरोधी होते हैं। यानी इनकी वजह से हुई बीमारी का इलाज पारंपरिक दवाओं के जरिए नहीं किया जा सकता और अगर ये त्वचा, आंत या फिर श्वास नली में संक्रमण का कारण बन जाए तो किसी की जान भी जा सकती है। जाहिर है, शहरों-महानगरों से लेकर गांवों तक में लोगों की जीवनशैली में अभिन्न हो चुका मोबाइल जितना सुविधाजनक है, उसके समांतर सेहत के लिए यह जोखिम से भी भरा हुआ है।

**धर्म-कर्म**

# बदरीनाथ धाम के कपाट खुले

## कभी भगवान शिव का निवास हुआ करता था बदरीनाथ



भू बैकुंठ कहे जाने वाले और भारत के चार धामों में एक बदरीनाथ धाम मंदिर के कपाट गुरुवार को प्रातः 7 बजकर 10 मिनट पर परम्परा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए हैं। इस अवसर पर भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से आए श्रद्धालु बारी-बारी से भगवान की एक झलक पाने के लिये दर्शन पर पर जुटे हैं। बदरीनाथ मंदिर भगवान विष्णु के रूप बदरीनाथ को समर्पित है। इसे बदरीनारायण मंदिर भी कहा जाता है। अलकनंदा नदी के किनारे उत्तराखंड राज्य में बदरीनाथ धाम स्थित है। इस धाम के बारे में कहा जाता है कि 'जो जाए बदरी, वो ना आए ओदरी' यानी जो व्यक्ति बदरीनाथ के दर्शन कर लेता है उसे माता के उदर यानी गर्भ में फिर नहीं आना पड़ता है। कहते हैं कि हर व्यक्ति को जीवन में एक बार बदरीनाथ के दर्शन अवश्य करने चाहिए।

### भगवान शिव से मांग लिया था निवास-

शास्त्रों में बदरीनाथ को दूसरा बैकुण्ठ बताया है। एक बैकुण्ठ क्षीर सागर है जहां भगवान विष्णु निवास करते हैं। दूसरा भगवान विष्णु का निवास बदरीनाथ बताया गया है। इस धाम के बारे में कहा जाता है कि यह कभी भगवान शिव का निवास स्थान था लेकिन भगवान विष्णु ने इसे भगवान शिव से मांग लिया था।

### इस तीर्थ का बदरीनाथ नाम कैसे पड़ा-

कहा जाता है कि एक बार मां लक्ष्मी जब भगवान विष्णु से रूठकर मायके चली गईं तब भगवान विष्णु यहां आकर तपस्या करने लगे। जब मां लक्ष्मी की नाराजगी खत्म हुई तो वह भगवान विष्णु को ढूंढते हुए यहां आई। उस समय इस स्थान पर बदरी का वन यानी बेड़ फल का जंगल था। बदरी के वन में बैठकर भगवान विष्णु ने तपस्या की थी इसलिए मां लक्ष्मी ने भगवान विष्णु को बदरीनाथ नाम दिया।



### दो पर्वतों के बीच बसा है बदरीनाथ

बदरीनाथ धाम दो पर्वतों के बीच बसा है। इन पर्वतों को नर नारायण पर्वत कहा जाता है। कहते हैं कि यहां भगवान विष्णु के अंश नर और नारायण ने तपस्या की थी। नर अपने अगले जन्म में अर्जुन और नारायण श्रीकृष्ण के रूप में पैदा हुए थे।

### मंदिर जलने वाले दीपक का खास महत्व

बदरीनाथ के कपाट खुलते हैं उस समय मंदिर में जलने वाले दीपक का विशेष महत्व होता है। कहा जाता है कि 6 महीने तक बंद कपाट के अंदर देवता इस दीपक को जलाए रखते हैं।

## Highlights

1. IPL teams offer 6 England cricketers 50 crore/year to become their main employer: Report
2. Man with gun takes 80 kids hostage in WB school, video of his arrest surfaces
3. Gangster-politician Anand Mohan, convicted of IAS officer's killing, released from jail
4. Diwali declared as official holiday in US' Pennsylvania
5. Nuclear attack by North Korea will result in end of regime: Biden
6. Delhi reports 1,040 new COVID-19 cases and 7 deaths in 24 hrs
7. SpaceX, Rogers to link mobiles to satellite network in Canada
8. Challenge Rahul Gandhi to tweet against Sharad Pawar: CM Sarma

# As EPFO higher pension scheme deadline arrives, check eligibility, interest rate and other details

**NEW DELHI, (Agency).** The Employees' Provident Fund Organisation (EPFO) has set May 3 as the last date to submit an application for higher pension under the Employees' Pension Scheme (EPS). With the looming deadline, the EPFO has shared new information on checking wage details of employee and employer. In its April 23 order, the EPFO said that applications for higher pension will be vetted and verified by the field office.

Amit Gupta, MD, SAG Infotech, told HT's sister publication LiveMint that there has been no reason provided for a spike in applications for pension. An EPFO circular announced that the process to avail higher pension was not automated and that the member was responsible for meeting the eligibility requirements.

### Documents to submit

Employees should share an agreement to allow the transfer of funds from the provident fund to the pension fund, proof of the employer's share in the provident fund on wages surpassing the standard ₹5,000/ ₹6,500, and a joint option form with a declaration from the employer and employee for a higher contribution to the EPS as high as 8.33% of the actual wages in the future, said Gupta.




### Who all are eligible now?

1) Employees who became members before 1 September 2014 and continue to be one

2) Employees and employers who had contributed a salary exceeding the standard wage ceiling of ₹5,000 or ₹6,500.

"In the cases where FO details and employers' details match, the dues will be calculated and an order will be passed by APFC/RPFC-II/ RPFC-I for depositing/ transferring the dues. In the cases where there is a mismatch, the same will be informed to the employer and the employee/pensioner by APFC/ RPFC-II. They will be given a time of one month to complete the information.

If complete information is received, the case shall be processed further as at 3 above. However, if complete information is not received within one month, the order will be passed on merit by the APFC/RPFC-II/RPFC-1," EPFO said in its order.

# Women career engagement platform HerKey gets $4 million funding

**NEW DELHI, (Agency).**

HerKey, a career engagement platform for women in India has announced a $4 million funding round. The company formerly known as JobsForHer received funding from Kalaari, 360 ONE Asset (earlier known as IIFL Asset Management), and angel investors including Zia Mody, Puneet Dalmia, Pramit Jhaveri, Aditi & Shuchi Kothari, KP Balaraj, Ranjan Pai, Neeraj Bajaj, Akash Bhansali and others.

HerKey has grown to service over 3.5 million women across India and is planning to scale to power 30 million women's careers in India

HerKey has grown to service over 3.5 million women across India and is planning to scale to power 30 million women's careers in India

In a statement, the company said it seeks to address the gender gap in the Indian workforce. Only 20 per cent of women participate in the labour force against 60 per cent in China and 55 per cent in the United States. HerKey has helped women restart their careers after a break, and has grown to enable them to start, restart and rise in their careers.

Neha Bagaria, the company's founder and chief executive officer, said, "We are grateful to our esteemed investors for their support in helping us create a more inclusive workforce for women in India."

Bagaria's leadership has overseen HerKey grow to service over 3.5 million women across India and is planning to scale to power 30 million women's careers in India.

The companues use HerKey to engage with women candidates in their career lifecycle, right from recruitment to retention to promotion. The services are designed to support companies in building a diverse and inclusive workplace, attracting and retaining top talent, and creating a positive impact on their business.

At present, there are over 10,000 companies on the platform, and HerKey is inviting more companies to unlock opportunities, learning, and communities for women candidates on the platform, the company said in a statement.

## Noida

# गौर सिटी में आग की वजह आई सामने, धुएं से लोगों का घुटने लगा था दम; हो सकती थी अनहोनी

**नोएडा, एजेंसी** ग्रेनो वेस्ट की गौर सिटी सोसाइटी के 14 एवेन्यू के फ्लैट में बुधवार दोपहर दीये से आग लगने से अफरातफरी मच गई। सोसाइटी की पहली मंजिल पर लगी आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। आग की सूचना पर दमकल विभाग की दो गाड़ी मौके पर पहुंचीं। सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम और दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

गौतमबुद्ध नगर के सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि सुबह करीब 1150 बजे गौर सिटी के 14 एवेन्यू में आग लगने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर दमकल विभाग के टीम दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों और सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम ने करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



### ● कैसे भड़की थी आग

सीएफओ के मुताबिक सोसाइटी की पहली मंजिल के एक फ्लैट की बालकनी में रखे मंदिर के दीये से आग लगी थी। यह आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। फ्लैट की बालकनी में फाइबर की सीट लगी थी, जिसकी वजह से आग ने विकराल रूप लिया। मंदिर में जलने वाले दीये से आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

## Jharkhand

# जिस घर में चल रही थी नई बहू लाने की तैयारी वहां पहुंची पिता की लाश, मातम

बगोदर (गिरिडीह)। बगोदर थाना क्षेत्र में बुधवार को हुई अजीबोगरीब एक घटना से लोगों का दिल पसीज गया है। जिस घर में बहू लाने की तैयारी चल रही थी, उस घर में पिता का शव पहुंच गया। पिता की मौत के बाद घर में चल रही शादी की तैयारी, उमंग और उत्साह थम गया और उसकी जगह पर मातम छा गया। इस घटना को जिसने भी देखा और सुना सभी का दिल पसीज गया। इस घटना पर सभी अफसोस जता रहे थे। घटना बगोदर थाना क्षेत्र के अलगडीहा गांव की है। दरअसल, अलगडीहा निवासी इम्तियाज अंसारी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मुंबई में रहते थे। उनके बड़े बेटा सलमान की शादी तय हुई थी। 1 मई को शादी होनी थी और फिर घर में बहू आनी थी। इसी को लेकर वे पूरे परिवार के साथ मुंबई से घर लौट रहे थे। इसी दौरान ट्रेन में इम्तियाज की तबीयत खराब हो गई और फिर उनकी मौत हो गई।



इस घटना की सूचना जब गांव में रह रहे अन्य परिजनों को हुई तब परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया। इधर घटना की सूचना विधायक

## New Delhi

# दिल्ली में रोंगटे खड़े करने वाली घटना : 350 मीटर घिसटने से दोनों पैर और पीठ का उधड़ गया था मांस, हड्डियां भी...

**नई दिल्ली**। फिरोजशाह रोड पर अनियंत्रित कार द्वारा ई रिक्शा में टक्कर मारने के बाद चालक को करीब 350 मीटर तक घसीटने के मामले में पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा लिखा है। दुर्घटना के पीड़ित युवक मनोज के शरीर को जिस किसी ने भी देखा, उसके रोंगटे खड़े हो गए।

इतनी दूर घिसटने से मनोज के दोनों पैरों के घुटने से नीचे का पूरा मांस घिस गया था। पीठ से भी मांस हट गया था। इससे पैरों व पीठ की हड्डियां दिखाई देने लगी हैं। नई दिल्ली जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कच्ची सराय सक्को वाली गली, मुराद नगर गाजियाबाद यूपी निवासी फरमान अपनी बहन, महिला दोस्त व दोस्त के साथ घूमने गुरुग्राम गया था।

सड़क दुर्घटना के समय ये लोग वापस लौट रहे थे। इसने फिरोजशाह रोड पर रिक्शा को पीछे से जबरदस्त तरीके से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद रिक्शा तो आगे चला गया और मनोज हवा में उछलकर कार के बोनट पर जा गिरा। इसके बाद वह नीचे गिरकर पहिए के नीचे फंस गया। इससे कार टेड़ी-मेडी चलने लग गई। लेकिन चालक ने कार रोकने के बजाय उसकी गति बढ़ा दी।

## Haryana

# इंदिरा कॉलोनी चौकी पर देर रात पथराव, महिला एएसआई समेत तीन जवान घायल

**रोहतक**। रोहतक में नशा तस्करों व नशे पर अंकुश लगाने निकली पुलिस की राह मुश्किल नजर आ रही है। बुधवार रात शहर में नशे की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करने गई पुलिस को जान बचाकर भागना पड़ा। इंदिरा कॉलोनी चौकी पर देर रात लोगों ने पथराव कर दिया। पथराव के चलते एक महिला एएसआई समेत तीन जवानों को चोटें आईं।

पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) टीम बुधवार रात नशा तस्करों की कमर तोड़ने निकली। इसके लिए इंदिरा कॉलोनी इलाके समेत तीन अलग-अलग



जगह कार्रवाई के लिए टीमें रवाना हुईं। इसमें करतारपुरा, गढ़ी मोहल्ला व खोखराकोट इलाका शामिल है। इंदिरा कॉलोनी में पुलिस ने एक जगह छापा मारा। यहां कार्रवाई के दौरान एक महिला को नशीला पदार्थ होने के संदेह में हिरासत में लिया। इस पर कुछ लोग विरोध करने लगे। पुलिस की मानें तो परिवार के सदस्य महिला को बचाने में लिए रास्ता रोकने लगे। इस दौरान पुलिस व उस परिवार के बीच कहासुनी भी हुई।

लोगों की भीड़ यह नजारा देखने के लिए सड़क पर ही रुक गई। पुलिस ने इन लोगों को वहां से जाने की बात कहते हुए एक युवक को भी पकड़ लिया। लोगों का कहना है कि यह युवक भीड़ का हिस्सा बना पुलिस कार्रवाई देख रहा था जबकि पुलिस ने उसे नशा बेचने के शक के चलते पकड़ा।

## खेल

# कोलकाता की बैंगलोर पर उसके घर में लगातार पांचवीं जीत, सुयश-वरुण की फिरकी में फंसी कोहली की टीम

**बेंगलुरु। आईपीएल 2023 के 36वें मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को 21 रन से हरा दिया है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 200 रन बनाए। जेसन रॉय ने 29 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 56 रन बनाए। वहीं, कप्तान नीतीश राणा ने 21 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के की मदद से 48 रन की पारी खेली। जवाब में बैंगलोर की टीम 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 179 रन ही बना सकी। कप्तान विराट कोहली ने 37 गेंदों में छह चौके की मदद से 54 रन की पारी खेली।**

कोलकाता की टीम लगातार चार मैच हारने के बाद पहला मैच जीती है। वहीं, बैंगलोर की टीम को लगातार दो जीत के बाद हार मिली है। केकेआर के आठ मैचों में तीन जीत और पांच हार हैं। छह अंकों के साथ टीम अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। वहीं, बैंगलोर की टीम आठ मैचों में चार जीत और चार हार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

कोलकाता की टीम ने इस सीजन बैंगलोर के खिलाफ अपने दोनों मैच जीते हैं। इससे पहले केकेआर ने आरसीबी को ईडन गार्डन्स में 81 रन से हराया था। तब केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 204 रन बनाए थे और बैंगलोर को 123 रन पर समेट दिया था। उस मैच में कोलकाता के स्पिनर्स ने बैंगलोर के नौ विकेट लिए थे। वहीं, इस मैच में भी केकेआर के स्पिनर्स ने आरसीबी के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया। सुयश ने दो और वरुण ने तीन विकेट झटके।



बैंगलोर और कोलकाता की टीमें अब तक 32 बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इनमें हमेशा से कोलकाता का पलड़ा भारी रहा है। केकेआर ने 18 मैच जीते हैं, जबकि बैंगलोर ने 14 मुकाबले जीते हैं। वहीं, बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में दोनों टीमें 12 बार आमने-सामने आ चुकी हैं। इनमें से कोलकाता ने आठ और बैंगलोर ने चार मुकाबले जीते हैं। दोनों के बीच हुए पिछले छह मैचों में केकेआर ने चार और बैंगलोर ने दो मैच जीते हैं।

पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 200 रन बनाए। जेसन रॉय और नारायण जगदीशन ने पहले विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी निभाई। जेसन ने इस सीजन अपना लगातार दूसरा अर्धशतक 22 गेंदों में पूरा किया। यह उनका ओवरऑलर आईपीएल का चौथा अर्धशतक रहा। 10वें ओवर में विजयकुमार वैशाक ने जगदीशन और जेसन दोनों को आउट किया। वैशाक ने पहले जगदीशन को डेविड विली के हाथों कैच कराया। वह 29 गेंदों में 27 रन बना सके।

इसके बाद ओवर की आखिरी गेंद पर जेसन रॉय को क्लीन बोल्ड किया। जेसन 29 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 56 रन बना सके। इसके बाद कप्तान नीतीश राणा और वेंकटेश अय्यर ने तीसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी निभाई। सिराज और हर्षल ने नीतीश के दो कैच छोड़े और दो जीवनदान दिए।

## सिनेमा

# बरखा बिष्ट और इंद्रनील सेनगुप्ता लेंगे तलाक, 13 साल पुराना रिश्ता होगा खत्म, एक्ट्रेस ने कही ये बात

टीवी की दुनिया के मशहूर कपल्स में शुमार अभिनेत्री बरखा बिष्ट और अभिनेता इंद्रनील सेनगुप्ता के अलग होने की खबरों ने फैन्स को उदास कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बीते दो साल से ये कपल अलग अलग रह रहा है और अब पहली बार एक्ट्रेस ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस पर रिएक्ट किया है। बरखा ने बताया है कि वह, इंद्रनील से जल्द ही तलाक लेने जा रही हैं।



बरखा बिष्ट ने हाल ही में कंफर्म किया कि शादी के करीब 13 साल बाद वो अलग होने जा रहे हैं। बरखा ने ई-टाइम्स से बातचीत में कहा, 'हां, जल्द ही हम तलाक लेने जा रहे हैं और ये मेरी जिंदगी का सबसे मुश्किल फैसला है।' याद दिला दें कि साल 2021 में दोनों के रिश्तों के बीच दरारों की खबरें सामने आई थीं, हालांकि कपल ने तब इस बारे में कुछ भी रिएक्ट करने से मना कर दिया था।

प्रोफेशनल करियर पर बातचीत के दौरान बरखा ने कहा, 'मैं एक सिंगल मदर हूं और मीरा मेरी प्रायोरिटी है। बात काम की करें तो मैं ओटीटी स्पेस में कुछ अच्छे प्रोजेक्ट्स कर रही हूं। मैं टीवी और फिल्मों के लिए भी देख रही हूं।' बरखा और इंद्रनील की 11 साल की बेटी है, जिसका नाम मीरा है। बरखा ने बातचीत में डिवोर्स की वजह का खुलासा नहीं किया, जबकि ये साफ कर दिया कि बेटी की देखरेख उनकी प्रायोरिटी है।

युवक की हत्या का खुलासा

# चाकू से मौत के घाट उतारा और फेंक दिया शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने एक युवक के लापता होने के मामले में संदेह के आधार पर रिक्शा चालक को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो हत्या का खुलासा हो गया। महिला से अवैध संबंधों को लेकर युवक की हत्या कर लाश को फेंक दिया था। मामले में पुलिस ने महिला सहित तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार बुधवार रात 32 निवासी जावेद पिता सत्तार (35)निवासी राजकुमार नगर बांक का शव ग्रीन पार्क कॉलोनी के पास खाली मैदान से बरामद किया गया। शव काफी सड़ चुका था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए मृतक की शिनाख्त के बाद जावेद की हत्या के आरोप में उसी की गली के सद्दाम को हिरासत में लिया। परिजन ने बताया कि जावेद की गुमशुदगी पुलिस ने 22 अप्रैल को दर्ज की थी। परिजन का कहना है उन्होंने पहले दिन ही सद्दाम पर शंका जताई थी। पुलिस ने उस पर सख्ती बरती तो उसने चाकू मारकर हत्या करना कबूल लिया फिर शव फेंकने की बात भी कही। पुलिस का कहना है कि हत्याकांड में अवैध संबंध की बात सामने आई है।

पुलिस ने सद्दाम पूछताछ की तो पता चला कि उसका जावेद की पत्नी रूखसाना से अफेयर था। जावेद अक्सर रूखसाना के साथ मारपीट करता था। यह बात उसने सद्दाम को बताई थी। इसके बाद दोनों ने मिलकर जावेद को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। इस काम में शाकिर नामक युवक को शामिल कर लिया। 21 अप्रैल को जावेद की चाकू मारकर हत्या के बाद उसके शव को ग्रीन पार्क कालोनी मे खाली मैदान मे छिपा देना बताया। मामले में पुलिस ने जांच के बाद सद्दाम पिता अखलाख हुसैन निवासी अहमद नगर बांक, शाकिर निवासी नूरानी नगर कब्रिस्तान के पास और रूखसाना पर हत्या की धारा में केस दर्ज किया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पटाखे फोडऩे वाली बुलेट पर एक्शन, दो गाडिय़ां जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समीपस्थ महू में मंगलवार रात शहर में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो बुलेट वाहन जब्त किए है। एडिशनल एसपी शशिकांत कनकने ने बताया कि वाहन (एमपी 09 वीई 5953) चालक अर्पित निवासी खान कालोनी महू और वाहन (एमपी 09 एलए 9083) चालक शाहरुख निवासी ग्राम सायदा को पकड़ा। ये लोग शहर में बुलेट से पटाखे फोड़ रहे थे, जिनके वाहन जब्त कर लिए हैं।

दरअसल, इन दिनों शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बुलेट वाहन चालक तेज रफ्तार बुलेट चलाते हुए बुलेट से पटाखे फोड़ते हुए नजर आ रहे है, इसकी शिकायत लगातार स्थानीय लोग पुलिस को कर रहे है। मामले को संज्ञान में लेते हुए एडिशनल एसपी ने कई जगह चेकिंग पॉइंट लगवाया और ऐसे बुलेट चालकों पर कार्रवाई की गई।

एडिशनल एसपी शशिकांत कनकने ने बताया कि बुलेट से तेज साउंड और पटाखे फोडऩे वाले चालकों को छोड़ा नहीं जाएगा। इन पर उचित कार्रवाई भी की जाएगी। अगर आपके क्षेत्र में इस तरह का कोई हंगामा मचा रहा है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें या उनकी गाडिय़ों के नंबर नोट शिकायत करे।

# अस्पताल में निकली नागिन, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। समीपस्थ महू तहसील के सबसे बड़े सरकारी सिविल अस्पताल मध्यभारत के लेबर रूम में बुधवार को नागिन निकली। नागिन को देखकर अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल के स्टाफ ने ग्रामीण की मदद से नागिन को पकड़कर जंगल में छोड़ा गया।

दरअसल बुधवार को जब लेबर रूम में अस्पताल की सफाई कर्मचारी कुसुम बाई चादर बदलने रूम में पहुंची तो यहां एक नागिन फन फैलाए बैठी थी। जैसे ही कुसुम की नजर नागिन पर पड़ी तो वह चिल्लाते हुए लेबर रूम से बाहर निकली। इस दौरान यहां मौजूद मरीज और उनके परिजन भी घबरा गए। कुछ देर के लिए अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

जानकारी लगते ही अस्पताल स्टाफ भी लेबर रूम पहुंचा और यहां मौजूद एक ग्रामीण की मदद से नागिन को बड़ी मुश्किल से पकड़ा और उसे अस्पताल से दूर छोड़कर आए। मामले में अस्पताल स्टाफ का कहना है कि लेबर रूम के पीछे एक छेद है। उसी में से नागिन लेबर रूम के अंदर आई होगी। गनीमत यह भी रही कि कुसुम भाई की नजर नागिन पर पड़ गई वरना एक बड़ा हादसा अस्पताल में हो सकता था।

## मोबाइल लूटेरा पकड़ाया

**इंदौर**। पलासिया पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने कुख्यात मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक आईफोन बरामद किया है, जिसकी कीमत एक लाख रुपए है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक सस्ते दामो पर मोबाइल बेचने के लिये ग्राहक की तलाश मे है। इस पर क्राइम ब्रांच व थाना पलासिया द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर आरोपियों को घेराबंदी कर पकडा व नाम पता पूछने पर नाम एक आरोपी ने अपना नाम दीपक तथा दूसरे ने शाहजाद बताया । आरोपियों के पास से मिले मोबाइल के संबंध में जानकारी नहीं दे पाए। कड़ी पूछताछ पर बदमाशों ने बताया कि उक्त मोबाइल गत 24 अप्रैल को पलासिया क्षेत्र में सर्विस रोड से झपट्टा मारकर लूटा था। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल स्नेचिंग की वारदात का मशरूका बरामदगी सहित अन्य अग्रिम वैधानिक कार्यवाही एवं विवेचना थाना पलासिया पुलिस के द्वारा की जा रही है।

# छात्र-छात्राओं की लगी, पुलिस कंट्रोल रूम इंदौर में क्लास

● पुलिस की डायल-100/112 सेवा, महिला सुरक्षा के साथ जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस व जनता में बेहतर समन्वय एवं लोगों में सामाजिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर के निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्कूल व कॉलेज, संस्थानों, कॉलोनियों/बस्तियों आदि में लोगों के बीच जाकर स्टूडेंट्स व बच्चों एवं आम नागरिकों को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सामान्य जानकारी व सामाजिक बातों के प्रति जागरूक करने के लिये नित नए प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में कल रेनेसा विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित फोरेंसिक साइंस बीएससी के छात्र-छात्राओं को पुलिस कंट्रोल रूम इंदौर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान अति पुलिस आयुक्त मुख्यालय श्रीमती मनीषा पाठक सोनी,कंट्रोल रूम इंचार्ज सुभाष सिंह, निरीक्षक श्रीमती क्लेर डामोर, स उनि नलिनी पाटिल, ममता त्रिपाठी सहित कॉलेज के 3 शिक्षक, 32 छात्र छात्राएं एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।





वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा निर्देशन व कंट्रोल रूम के अन्य पुलिस अधिकारियो द्वारा सभी छात्र- छात्राओं को पलासिया चौराहे स्थित नये पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण करवाया गया और स्टूडेंट्स को पुलिस कमिश्नरेट की कार्यप्रणाली के बारें में बताते हुए, डायल-100, सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, 112-इमरजेंसी एप्लिकेशन और पुलिस की हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और महिला थाने का भ्रमण कराया गया ।

इस दौरान अति पुलिस उपायुक्त मुख्या. श्रीमती मनीषा पाठक सोनी ने संवाद सत्र में छात्रों को डायल- 100 कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत रूप से समझाया और इसके साथ ही बताया कि डायल- 100 की नई व्यवस्था ने अब सभी प्रकार की आपात स्थितियों के अपराधो की रिपोर्ट करने पर आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने सभी को नए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सभी प्रकार की आपात स्थितियों (अपराध, सड़क दुर्घटना, आग, अन्य किसी अप्रिय स्थिति) के लिए भारत सरकार द्वारा इसे लांच किया गया है, नागरिकों को इसके ऐप को डाउनलोड करके इसका उपयोग करना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी को बढ़ते साइबर अपराधों पर किसी भी अनजान व्यक्ति को फोन अथवा लिंक के माध्यम से अपनी गोपनीय जानकारी साझा ना करने के संबंध में भी जागरूक किया गया। उपस्थित छात्र छात्राओं को पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे मे जानकारी देते हुए इंदौर पुलिस द्वारा आमजन की सहायता के लिए चलाई जा रही हेल्पलाईनों के बारे मे जानकारी दी गई।

साथ ही वहा उपस्थित अधिकारियों द्वारा छात्र व छात्राएँ को महिला अपराध, मानव दुव्यवहार एवं अपने साथ हुई कोई भी ऑनलाइन दुव्यवहार व टोल फ्री ठ्रश 100,112,181,1098,1090 एवं साइबर ठगी की शिकायत स्थानीय पुलिस, क्राइम ब्रांच इंदौर (साइबर हेल्पलाइन नंबर 70491 28445), साइबर पुलिस स्टेशन, ऑनलाइन हेल्पलाइन नंबर 155260 या 1930 के माध्यम से या ऑनलाइन साइबर हेल्पलाइन पोर्टल के द्वारा गुप्त रूप से भी दर्ज करा सकते हैं के बारे में बताते हुए साइबर अपराधों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।